# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 07 November 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App



GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान सरकार ने डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कितनी राशि के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है?**

(A) 500 करोड़ रुपये
(B) 750 करोड़ रुपये
**(C) 1000 करोड़ रुपये**
(D) 1500 करोड़ रुपये

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सरकार ने राज्य में डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है।*

- *यह राशि राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड के रूप में स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से राज्यभर की सहकारी डेयरियों और उनसे जुड़े लाखों दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा।*
- *इस फंड से आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघों की दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को 52 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 75 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा।*
- *अलवर, उदयपुर, बांसवाड़ा, भरतपुर और सवाईमाधोपुर में अत्याधुनिक डेयरी प्लांट्स स्थापित किए जाएंगे।*

## Yesterday Revision

. ICC वुमन वर्ल्ड कप-2025 जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की किस कप्तान का वैक्स स्टैच्यू जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगाया जाएगा?- **हरमनप्रीत कौर**

. उत्तर प्रदेश में आयोजित जूनियर व सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की किस खिलाड़ी ने दो गोल्ड मेडल जीते?- **पूजा शर्मा**

. हाल ही में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने 42वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता?- **अक्षत राव**

. राजस्थान की प्रमुख टेक्सटाइल निर्माता कंपनी RSWM ने रिन्यूएबल एनर्जी की सप्लाई के लिए किस कंपनी के साथ साझेदारी की है?-**अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड (AESL)**

. हाल ही में राजस्थान सरकार ने राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान कब शुरू किया?-**4 से 18 नवंबर तक**


**01. राजस्थान में 15 से 23 नवंबर 2025 तक "पत्रिका नेशनल बुक फेयर' कहाँ आयोजित किया जा रहा है?**

(A) राजस्थान विश्वविद्यालय

(B) जवाहर कला केंद्र, जयपुर

(C) बिरला सभागार

(D) अल्बर्ट हॉल



**Important Facts:**

- जयपुर के जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में 15 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाले 'पत्रिका नेशनल बुक फेयर' में ज्ञान और मनोरंजन का संगम नजर आएगा। मेले में 115 से अधिक स्टॉल्स लगेंगी जहां हर आयु वर्ग और रुचि के अनुरूप किताबें उपलब्ध होंगी।
- इस बुक फेयर में दो लाख से अधिक लेखकों की पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुस्तक प्रकाशक एवं वितरक भी इसमें भाग लेंगे।
- फेयर में कई प्रतियोगिताएं होंगी, जहां बच्चे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन भी कर सकेंगे। फेयर हर वर्ग के लिए खास रहेगा। महिलाओं के लिए रेसेपीज, डिजाइनिंग, मदर एंड चाइल्ड केयर, होम मेंटेनेंस से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध होंगी।

**02. दुबई में आयोजित किस कार्यक्रम में राजस्थान के डॉ. रोमित पुरोहित को सम्मानित किया गया?**

(A) इंडिया ग्लोबल एक्सपो

**(B) एमिरेट्स लव इंडिया – इंडिया फेस्ट**

(C) प्रवासी भारतीय दिवस

(D) इंडिया दुबई ट्रेड समिट



**Important Facts:**

- दुबई में आयोजित इंडिया फेस्ट में राजस्थान के डॉ. रोमित पुरोहित को सम्मानित किया गया है।
- एमिरेट्स लव इंडिया' इंडिया फेस्ट कार्यक्रम में यूएई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान और शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान के नेतृत्व में 15 खास नेताओं और प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया गया। इनमें से एक नाम था डॉ. रोमित पुरोहित का, जो पहले यूएई में टॉप प्रवासी राजस्थानी बन कर इतिहास रच चुके हैं।
- ये पुरस्कार यूएई का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है, जो भारतीय समुदाय के योगदान उन्हें दिया जाता है।
- कोविड-19 महामारी के दौरान डॉ. पुरोहित योद्धा बने। उन्होंने गाइडलाइंस तैयार कीं, हजारों लोगों को फ्री कन्सल्टेशन की सेवाएं दीं और मरीजों का बिना किसी फीस के इलाज किया
- राष्ट्रीय स्तर पर एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड

03. हाल ही में राजस्थान की पहली 'स्पेस एंड एस्ट्रोनॉमी लैब' कहाँ स्थापित की जाएगी?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) उदयपुर

**Important Facts:**

- बीकानेर के राजकीय महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रदेश की पहली स्पेस एंड एस्ट्रोनॉमी लैब स्थापित की जाएगी.
- नगर निगम द्वारा 5.86 लाख रुपए के टेंडर से बनने वाली इस लैब में 75 से अधिक मॉडल और उपकरण लगाए जाएंगे, जिनमें टेलिस्कोप, रॉकेट लॉन्चर, अर्थ ग्लोब और इसरो सैटेलाइट मॉडल शामिल होंगे.
- स्कूल की छात्राओं को शिव शक्ति पॉइंट से लेकर प्रज्ञान रोवर तक की जानकारी मिल सकेगी
- लैब को बनाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाना है

04. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा उपभोक्ता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु देश का सबसे बड़ा अवार्ड प्रारंभ किया है जिसमे राजकीय, स्वायत्तशासी श्रेणी' के लिए पुरस्कार राशि कितनी है?

(A) ₹2 लाख

(B) ₹3 लाख

(C) ₹5 लाख

(D) ₹10 लाख

**Important Facts:**

⭕ कंज्यूमर केयर अवॉर्ड -राजस्थान

⭕ राजस्थान सरकार द्वारा उपभोक्ता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु देश का सबसे बड़ा अवार्ड प्रारंभ किया।

⭕ उद्देश्य - राज्य में नवाचार प्रोत्साहन, कंज्यूमर फ्रेंडली और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना।

✓ इस अवॉर्ड की तीन श्रेणियां होगी -

1. राजकीय, स्वायत्तशासी श्रेणी - 5 लाख रुपए (1 अवार्ड)
2. संस्था श्रेणी - 2 लाख रुपए (1 अवार्ड)
3. व्यक्तिगत श्रेणी - 51 हजार रुपए (3 अवॉर्ड)

⭕ यह पुरस्कार 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर दिए जाएंगे।

**05. राजस्थान से जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (JNU) ने किस देश की यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया है?**

(A) जापान

(B) जर्मनी

(C) रूस

(D) फ्रांस




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (JNU) और रूस की यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू
- जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (JNU) ने रूस की 'मिनिन निजनी नोवगोरोड स्टेट पेडागोगिकल यूनिवर्सिटी' के साथ एमओयू (MOU) किया है।
- उद्देश्य – एजुकेशन में नवाचार व पारस्परिक सहयोग के माध्यम से शिक्षण एवं शोध को प्रोत्साहित करना।
- इस एमओयू से स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप व प्लेसमेंट में मदद मिलेगी।

**06. राजस्थान से किसने विश्व के सबसे प्रतिष्ठित और कठिनतम एक दिवसीय खेल आयोजन आयरनमैन को सफलतापूर्वक पूरा कर इतिहास रचा?**

(A) संदीप तंवर

(B) संदीप टाक

(C) राजेश मौर्य

(D) हर्षित मीणा



**Important Facts:**

⭕ जालोर जिले के मूल निवासी और वर्तमान में जोधपुर में रह रहे संदीप टाक ने मलेशिया के लंगकावी द्वीप में आयोजित विश्व के सबसे प्रतिष्ठित और कठिनतम एक दिवसीय खेल आयोजन आयरनमैन को सफलतापूर्वक पूरा कर इतिहास रचा।

⭕ आयरनमैन प्रतियोगिता की शुरुआत अमेरिकी नेवी सील्स के कमांडोज़ ने की थी। वे यह जानना चाहते थे कि तैराकी, साइक्लिंग और दौड़ इन तीनों में से सबसे कठिन खेल कौन-सा है। चर्चा के परिणामस्वरूप इन तीनों को मिलाकर यह अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता बनाई गई, जिसे केवल सबसे मजबूत और धैर्यवान खिलाड़ी ही पूरा कर पाते हैं और आयरनमैन की उपाधि अर्जित करते हैं।

⭕ संदीप टाक अब राजस्थान के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने एक साथ आयरनमैन और ओशनमैन दोनों की उपाधियां हासिल की हैं।

07. नई दिल्ली में कब आयोजित होने वाले 44वें भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला में इस वर्ष राजस्थान को मेले के 'पार्टनर स्टेट' का दर्जा प्रदान किया गया है?

(A) 14 नवंबर से

(B) 24 नवंबर से

(C) 10 नवंबर से

(D) 15 नवंबर से

**Important Facts:**

- नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम मे इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 44वें भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला में इस वर्ष राजस्थान को मेले के 'पार्टनर स्टेट' का दर्जा प्रदान किया गया है।
- इस व्यापार मेलें में राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा थीम के अनुरूप राजस्थान मंडप का आकर्षक निर्माण किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट वॉल एवं राज्य की विरासत, नवाचार और सतत औद्योगिक विकास आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।
- एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को समर्पित इस मेले का एक प्रमुख आकर्षण राजस्थान और असम का एकीकरण रहेगा। इस विशेष पहल के माध्यम से दोनों राज्यों की संस्कृति, कला, और व्यापारिक संभावनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।

08. भारत सरकार के इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर ने AI तकनीक से लैस 'आई-कैट' सॉफ्टवेयर का पायलट प्रोजेक्ट राजस्थान के किस रेंज में शुरू किया गया है ?

(A) जयपुर रेंज

(B) भरतपुर रेंज

(C) जोधपुर रेंज

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- साइबर अपराधियो पर नकेल कसने के लिए भारत सरकार के इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर ने नया कदम उठाया है।
- आई4सी ने एआई तकनीक से लैस 'आई-कैट' सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जो किसी भी क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल नंबरों और सोशल मीडिया गतिविधियों का विश्लेषण कर संदिग्ध नंबरों की पहचान कर लेगा।
- सबसे पहले इस सॉफ्टवेयर का पायलट प्रोजेक्ट राजस्थान के जयपुर रेंज में शुरू किया गया है। प्रथम चरण में अलवर, भिवाड़ी और खैरथल-तिजारा क्षेत्र को चुना गया।
- इस दौरान पुलिस ने 3.85 करोड़ मोबाइल नंबरों का डेटा सॉफ्टवेयर में अपलोड किया। एआई विश्लेषण के बाद 7.66 लाख संदिग्ध नंबर सामने आए

09. हाल ही में किस संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर को विश्व शांति एवं सुरक्षा नेता पुरस्कार" दिया गया है?

(A) ईशा फाउंडेशन

(B) आर्ट ऑफ़ लिविंग फ़ाउंडेशन

(C) रामकृष्ण मिशन

(D) ब्रह्मकुमारी संस्था



**Important Facts:**

- श्री श्री रविशंकर को शांति और सुरक्षा के लिए 2025 का विश्व नेता पुरस्कार दिया गया
- आर्ट ऑफ़ लिविंग फ़ाउंडेशन के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को बोस्टन ग्लोबल फ़ोरम (BGF) और एआई वर्ल्ड सोसाइटी (AIWS) द्वारा 2025 का विश्व शांति एवं सुरक्षा नेता पुरस्कार प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें इमैनुएल मैक्रों, वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और बान की मून जैसे विश्व नेताओं की श्रेणी में रखता है, जो उनके वैश्विक मानवीय प्रभाव को मान्यता देते हैं।
- आर्ट ऑफ़ लिविंग फ़ाउंडेशन की स्थापना 1981 में हुई थी।

10. स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाओं की पाइपलाइन में भारत का विश्व स्तर पर कौन-सा स्थान है?

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

**Important Facts:**

- स्वच्छ औद्योगिक परियोजना पाइपलाइन में भारत विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर
- चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद, भारत स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाओं के मामले में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।
- देश में 65 व्यावसायिक स्तर की कम उत्सर्जन वाली परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं, लेकिन केवल छह ही अंतिम निवेश निर्णय (FID) चरण तक पहुँच पाई हैं।
- इन परियोजनाओं का उद्देश्य रसायन, इस्पात, सीमेंट और विमानन जैसे उच्च उत्सर्जन वाले क्षेत्रों को कार्बन मुक्त बनाना है।

**Today, Quiz:**

**Q. ICC वुमन वर्ल्ड कप-2025 जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की किस कप्तान का वैक्स स्टैच्यू जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगाया जाएगा?**

(a) शैफाली वर्मा

(b) स्मृति मंधाना

(c) हरमनप्रीत कौर

(d) मिताली राज

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266




GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine